सुषमा स्वराज पुरस्कार के लिए 25 दिसंबर तक मांगे आवेदन

अंतराम खटाना, गुड़गांव टुडे

नूंह। उपायुक्त प्रशांत पंवार ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग ने उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं को श्रीमती सुषमा स्वराज पुरस्कार देने के लिए 25 दिसंबर 2024 तक आवेदन मांगे हैं। यह पुरस्कार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च 2025 को दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिस महिला ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने जीवन में विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो या उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हों। श्रीमती सुषमा स्वराज पुरस्कार में 5 लाख रुपये का नकद पुरस्कार, एक प्रशस्ति पत्र और एक शॉल शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि आवेदक का जन्म हरियाणा में हुआ हो और महिलाओं के हित के लिए काम करती हो। नामांकन करने के दौरान नामांकित व्यक्ति जीवित होना चाहिए। आवेदन के नियम विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। अधिक जानकारी के लिए निकटतम महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

राज्य की टीम के चयन के लिए 28 नवंबर को पानीपत में होगा ट्रायल :

उपायुक्त प्रशांत पंवार ने बताया कि केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा बोर्ड द्वारा वर्ष 2024-25 अखिल भारतीय सिविल सेवा फुटबॉल पुरुष खेल प्रतियोगिता का आयोजन 9 से 16 दिसंबर 2024 तक गोवा में करवाया जाएगा। हरियाणा राज्य की फुटबॉल खेल की पुरुष टीम के चयन के लिए पानीपत में 28 नवंबर 2024 को ट्रायल करवाया जाएगा। प्रशांत पंवार ने बताया कि इस चयन ट्रायल में हरियाणा राज्य के सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भाग ले सकते है। चयन ट्रायल में भाग लेने वाले अधिकारी व कर्मचारी अपने विभाग से फोटो सहित प्रमाण पत्र लेकर आए तथा अपने सत्यापित जन्म प्रमाण पत्र तथा विभाग द्वारा जारी किया गया पहचान पत्र संख्या साथ लेकर निर्धारित तिथि 28 नवंबर को सुबह 10 बजे निर्धारित स्थान पर पहुंचे। केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं खेल बोर्ड की हिदायतों के अनुसार इन सिविल सेवा प्रतियोगिताओं में बोर्ड, कारपोरेशन के अधीन कार्यरत कर्मचारी, अधिकारी तथा पुलिस विभाग, बिजली बोर्ड, एचएसआईडीसी के कर्मचारी व अधिकारी भाग नहीं ले सकते है।

अखिल भारतीय सिविल सेवा लॉन टेनिस प्रतियोगिता का 15 से 21 दिसंबर तक राजस्थान में होगा आयोजन :

उपायुक्त प्रशांत पंवार ने बताया कि केंद्रीय सिविल सेवा, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा बोर्ड द्वारा आगामी 15 से 21 दिसंबर 2024 तक राजस्थान के जयपुर स्थित सवाई मानसिंह स्टेडियम में अखिल भारतीय सिविल सेवा लॉन टैनिस प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाएगा। इस प्रतियोगिता में हरियाणा के महिला व पुरुष टीमों के लॉन टैनिस टीमों के खिलाड़ी भाग लेंगे, जिसके लिए 27 नवंबर को पंचकुला में ट्रायल के माध्यम से खिलाडियों का चयन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राज्य की टीमों में खेल विभाग की ओर से भाग लेने वाले अधिकारियों, प्रशिक्षकों एवं कर्मचारियों की संख्या को 10 प्रतिशत तक सीमित कर दिया गया है। संबंधित अधिकारी व कर्मचारी ट्रायल के लिए 27 नवंबर को सुबह 10 बजे पंचकुला पहुंचे तथा अपने विभाग से प्रमाण पत्र भी लेकर जाए। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जाने व वापिस आने का किराया संबंधित विभाग अथवा खिलाड़ी द्वारा वहन किया जाएगा।